Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005
Participants : Mahajan Smt. Sumitra,Jaiswal Shri Shriprakash,Chatterjee Shri Somnath

>

Title : Alleged misbehaviour meted out to female employees working in CRPF.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : अध्यक्ष जी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल हमारे यहां का मुख्य पुलिस बल है और समय आने पर, रक्षा के लिए पूरे हिंदुस्तान में दौड़ता रहता है, कहीं भी कोई आपदा आ जाए, हम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की सहायता लेते हैं और वह बहुत अच्छा काम भी करता है। इस बल में र्वा 1985 से महिलाओं को भी लेना प्रारम्भ हो गया और आज करीब 3500 महिलाएं इस पुलिस बल में कार्यरत हैं। इस बल में 40 से ज्यादा महिलाएं क्लॉस-वन ऑफिसर्स हैं। इस पुलिस बल ने पूरे हिंदुस्तान का मनोबल बढ़ाया है, कुछ ऑफिसर्स के कारण या कुछ तत्वों के कारण यह पुलिस बल बदनाम होता जा रहा है। वहां कुछ क्लॉस-वन महिला ऑफिसर्स ने शिकायत की थी *... वहां महिलाओं का ह्रासमेंट होता है, वहां महिलाओं के साथ कुछ ऐसी हरकतें होती हैं।

MR. SPEAKER: Names should be avoided. Please avoid the names.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : ठीक है, मैं नाम नहीं लूंगी, लेकिन वहां 82 और 99 बटालियन की महिला ऑफिसर्स ने शिकायत की थी कि वहां महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता है, एब्यूजमेंट होता है, उनके साथ अश्लील हरकतें होती हैं। इस प्रकार की शिकायत के बाद वहां एक कंपलेंट कमेटी बनी जो पहले ही बनानी चाहिए थी। कंपलेंट कमेटी बनाई गयी लेकिन उस महिला को उसमें न्याय नहीं मिला। कंपलेंट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जिन अधिकारियों के ऊपर आरोप लगाया गया है वह सर्वथा सत्य और सही है। रिपोर्ट में यह कहने के बाद भी अधिकारियों पर कुछ एक्शन नहीं हुआ और उन अधिकारियों के प्रमोशन होते चले गये। इसके बाद महिलाओं को प्रेस में भी जाना पड़ा और वे महिला आयोग में भी गयीं। कुछ महिलाएं ऐसी थी जिन्होंने यह कहा कि हमारा नाम न लिया जाए। यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि अगर हमारा नाम आ जाएगा तो हमें और परेशान किया जाएगा और हमें रोज के काम में परेशानी उठानी पड़ेगी - यह कहते हुए उन्होंने कहा कि हमारा नाम मत लेना, लेकिन हां, वहां पर महिलाओं का ह्रासमेंट

---

* Expunged as ordered by the Chair.

होता है। अध्यक्ष जी, हमने डॉमैस्टिक वायलेंस बिल पास किया, उसमें हमने सेंसेटाइजेशन की बात की और कहा कि थाने में अत्याचार सामान्यतः महिलाओं के साथ होता है। अभी भी हमने कहा है कि दिल्ली पुलिस बीट पर भी महिला पुलिस को रखेगी। अध्यक्ष जी, हम सभी जानते हैं कि पार्लियामेंट का बचाव करने में एक महिला पुलिस अधिकारी ने अपनी भी गंवाई है।

MR. SPEAKER: I am sure that everyone will agree with the issue that you have raised. It is a very important issue. I am sure the Government should pay proper attention to the matter that you have raised. You have properly raised it in the House.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : अध्यक्ष जी, महिला आयोग और कंपलेंड कमेटी को कहे हुए साल भर हो गया कि अधिकारी दोाी हैं, फिर भी कोई एक्शन नहीं हो रहा cè[r15]।

अध्यक्ष महोदय, मैं इतना ही कहूंगी कि सीआरपीएफ में ऐसा होता चला जाए, जिनको हमारी महिलाएं रक्षक मानती हैं, जिन्हें रक्षक के नाते देखती हैं, उनकी अगर यह स्थिति हो जाए, तो सामान्य महिलाओं के कितने भी बिल पास करें, कितने भी अधिकार उन्हें दे दें, जो हिंदू

सेक्सेशन यहां भी होना है, तो उसका क्या फायदा मिलेगा।

MR. SPEAKER: I have already asked the Government to look into it.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : महोदय, उसके लिए कुछ टाइम बाउंड होना चाहिए।

MR. SPEAKER: Mr. Minister, I think, you want to respond.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : एक साल हो गया, मगर साल भर के अंदर कुछ नहीं हुआ।

MR. SPEAKER: You wanted him to rise. I have made him to rise.

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीप्रकाश जायसवाल) : माननीय सदस्या ने जिस बिंदु को उठाया है, सरकार उस पर बहुत गंभीर है और बहुत संवेदनशील है। मैं माननीय सदस्या से अनुरोध करता हूं कि बहुत जल्दी ही आपको पता लगेगा कि इस संबंध में गंभीर कदम उठाए गए हैं।

MR. SPEAKER: You have not given any notice, Shrimati Maneka Gandhi. Let us not create a new procedure. You can give a notice tomorrow and raise it.

SHRIMATI MANEKA GANDHI (PILIBHIT): All right, Sir.

SHRI KHAGEN DAS (TRIPURA-WEST): Thank you, Sir. I would like to draw the attention of the Government to the Report of the Human Rights Law Network. … (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आपको तो जवाब मिल गया।

श्रीमती सुमित्रा महाजन : अध्यक्ष महोदय, एक्शन की बात तो की, लेकिन इसमें जो इन्वाल्वड व्यक्ति हैं, उसको इन्होंने एक्सेटेन्शन तक दिया। This [e16]is also something very important.

MR. SPEAKER: He would look into that also.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : एक्शन क्या लिया जाएगा, अगर इस मानसिकता से कार्य हो रहा है।…(व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : हम इसे जरूर देखेंगे।

अध्यक्ष महोदय : उन्होंने इसके लिए कहा है । He has agreed to look into it. He cannot, sitting here, nullify something. He has to look into it.